to farmers for cultivation of trees and if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to increase this Grant; and

(d) the amount allocated for this purpose during the 8th Five Year Plan and particularly for the State of Haryana?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Chilka Project in Orissa

1000. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the work on Chilka Project in Orissa has been suspended for want of clearance from the Central Government if so, when the Project is likely to be cleared by Government; and

(b) whether it is a fact that the study made by WAPCO about the Project has been rejected by the Central Government; if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) and (b) The State Government of Orissa was advised not to undertake construction or other work under the Prawn Culture Project in Chilka lake until an in-depth environmental impact assessment study is carried out through a multi-disciplinary group.

A report on environment impact assessment study of the Prawn Culture Project, prepared by Water and Power Consultancy Services (India) Ltd., has been received from Orissa Government on February 15, 1993. This report is under examination.

हेलिकाप्टर ले जाते हुए ट्रक को जब्त किया जाना

1001. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 25 फरवरी, 1993 को कोटद्वार में कार्बेट पार्क के कर्मचारियों द्वारा एक ट्रक को उस समय जब्त कर लिया गया था जब उसमें चोरी छिपे एक हेलिकाप्टर, एक नाव और अन्य सामान को, जिसका प्रयोग कालाघर बांध में डूबे हुए हेलिकाप्टर को निकालने के लिए किया जाता था, ले जाया जा रहा था;

(ख) क्या उक्त हेलीकाप्टर के संबंध में इंडिया इन्टरनेशनल एअरवेज प्राइवेट लिमिटेड से कोई पूछ-ताछ की गई है; और

(ग) इस घटना के संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) जी, हां।

(ख) दि इंडिया इन्टरनेशनल एअरवेज प्राइवेट लिमिटेड ने दावा किया है कि हेलिकाप्टर उनका था।

(ग) मालिकों ने जब्त की गई चीजों को छुड़ाने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोटद्वार के न्यायालय में एक मुकदमा दायर किया और न्यायालय ने ये चीजें मालिकों को सौंप देने के आदेश दिये हैं। उद्यान प्राधिकारियों ने पौड़ी के जिला और सेशन जज के न्यायालय में अपील दायर की है, जिन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर 3 मार्च, 1993 तक रोक लगा दी है।

यमुना नदी में विषाक्त प्रदूषक-तत्व

1002. **श्री शांति त्यागी:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि यमुना नदी में विषाक्त प्रदूषक तत्वों का अध्ययन करने और जैव-प्रबोधन के लिए एक केन्द्रीय योजना तैयार की गई है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की रूप-रेखा क्या है;

(ग) क्या यह योजना सफल रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) केन्द्रीय प्रदूषक नियंत्रण बोर्ड द्वारा जल गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए जैव-मानीटरन प्रणाली की एक स्कीम तैयार की गई है।